BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन, पूर्व काउंसिल मेम्बर्स के योगदानों को सम्मान देने के लिए तीन फैसिलिटीज और एक पार्क का नाम बदल रहा है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (22 दिसम्बर, 2020) – इस वर्ष, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल (Brampton City Council) ने, हमारे शहर में ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल के पूर्व मेम्बर्स के योगदानों को मान्यता देने के लिए, उनके सम्मान में सिटी की तीन फैसिलिटीज और एक भविष्य के पार्क का नाम बदलने के लिए मंज़ूरी दी है।

**बॉब कालन फ्लावर सिटी सीनियर्स सेंटर**

5 अगस्त, 2020 को, वार्ड्स 3 और 4 के ब्रैम्पटन काउंसलर, बॉब कालन (Bob Callahan) के सम्मान में, फ्लावर सिटी सीनियर्स सेंटर (Flower City Seniors Centre) का नाम बदलकर, बॉब कालन फ्लावर सिटी सीनियर्स सेंटर (Bob Callahan Flower City Seniors Centre) रखने के लिए, सिटी काउंसिल ने मंज़ूरी दी (City Council approved) थी। यह प्रस्ताव, सिटी काउंसलर, जेफ बोमैन (Jeff Bowman) द्वारा पेश किया गया था और सिटी काउंसलर डग विलैन्स (Doug Whillans) ने इसकी हिमायत की थी।

बॉब कालन ने, 1969 से 1985 तक और 1997 से 2014 तक, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल में सेवा दी थी। इस समय के दौरान, वे, ब्रैम्पटन के कई इंस्टीट्यूशंस के विकास में सहायक रहे थे। इनमें शामिल हैं, पील हेरिटेज कॉम्पलेक्स (Peel Heritage Complex), सिटी हॉल (City Hall), गेज पार्क रेक्रिएशनल स्केटिंग ट्रेल (Gage Park Recreational Skating Trail), पावरेड सेंटर (Powerade Centre) (अब इसका नाम सी.ए.ए. सेंटर (CAA Centre) है), अलडर्ली (Alderlea), साउथ फ्लैचर्स हॉकी कॉम्पलेक्स (South Fletcher's Hockey Complex), नया कोर्टहाउस और गो (GO) ट्रेनों के लिए डबल ट्रैकिंग। वे, ब्रैम्पटन के बुजुर्गों की जरूरतों और भलाई के लिए समर्पित थे। वे ब्रैम्पटन सीनियर काउंसिल (Brampton Senior Council) के मेम्बर थे।

8870 मैकलाफलिन रोड (8870 McLaughlin Road) पर स्थित, सीनियर सेंटर (Seniors Centre) अधिकारक तौर पर, पतझड़ 2005 में खुला था, जिसमें बुजुर्गों के लिए, ड्रॉप-इन (बिना रजिस्टर किए) और रजिस्टर्ड फिटनेस, आर्ट्स और क्राफ्ट्स और विशेष कार्यक्रमों की प्रोग्रामिंग पेश की जाती है।

**सुजन फेनल स्पोर्ट्सप्लेक्स**

30 सितम्बर, 2020 को, ब्रैम्पटन की पूर्व मेयर सुजन फेनल (Susan Fennell) के सम्मान में, साउथ फ्लैचर्स स्पोर्ट्सप्लेक्स (South Fletcher's Sportsplex) का नाम बदलकर, सुजन फेनल स्पोर्ट्सप्लेक्स (Susan Fennell Sportsplex) रखने के लिए, सिटी काउंसिल ने मंज़ूरी दी (City Council approved) थी। यह प्रस्ताव, रीजनल काउंसलर मार्टिन मेडेइरोस (Martin Medeiros) द्वारा

पेश किया गया था और रीजनल काउंसलर्स, माइकल पलेशी (Michael Palleschi), पॉल विसेंट (Paul Vicente), पैट फोर्टिनी (Pat Fortini) और रोएना सैन्टोस (Rowena Santos) ने इसकी हिमायत की थी।

सुजन फेनल ने, 1988 से 2014 तक, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल में सेवा दी थी। इस समय के दौरान, वे, साउथ फ्लैचर्स स्पोर्ट्सप्लेक्स का निर्माण करने में सहायक रहे थे। उनकी लीडरशिप में ही, सिटी के ज्यादातर प्रसिद्ध प्रोजेक्ट पूरे हुए थे। इनमें शामिल हैं, द रोज़ थिएटर (The Rose Theatre), फ्लावर सिटी कम्युनिटी कैम्पस एंड सीनियर सेंटर (Flower City Community Campus and Seniors Centre), कैसी कैम्पबेल कम्युनिटी सेंटर (Cassie Campbell Community Centre), ब्रैम्पटन सॉकर सेंटर (Brampton Soccer Centre), गोर मेडोज कम्युनिटी सेंटर (Gore Meadows Community Centre), और सेंचुरी गार्डन्स रेक्रिएशन सेंटर (Century Gardens Recreation Centre) और चिंग्कूज़ी पार्क (Chinguacousy Park) को नया और आधुनिक बनाना। उन्होंने सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के उस प्रयास में मुख्य भूमिका निभाई, जिसमें सिटी ने मेल खाती फेडरल और प्रांतीय फंडिंग में, 200 मिलियन डॉलर सुरक्षित किए थे, ताकि ब्रैम्पटन के ज़ूम बस रैपिड ट्रांज़िट (Züm Bus Rapid Transit) प्रोग्राम को असलियत बनाया जा सके। इसके अलावा, उन्होंने बुजुर्गों और सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए, छूट वाले किराए की सफलतापूर्वक हिमायत की। उन्होंने धार्मिक स्थानों के लिए, बिल्कुल पहले प्लानिंग फ्रेमवर्क के विकास का भी नेतृत्व किया, जिससे ब्रैम्पटन को, कैनेडा में सबसे अधिक गतिशील मल्टी-फेथ (कई धर्मों में श्रद्धा रखने वाले) समुदायों में से एक के तौर पर विकसित किया जा सके। उन्होंने अलडर्ली, द केनेथ चिशोल्म मैन्शन (The Kenneth Chisholm Mansion) को गिराने से बचाने में निजी भूमिका निभाते हुए, विरासत को सुरक्षित रखने की भी हिमायत की। पिछले 25 वर्षों के मुकाबले, उनके प्रशासन के दौरान, विरासत वाली अधिक इमारतें निश्चित की गई थीं।

500 रेअ लाअसन बुलेवार्ड (500 Ray Lawson Boulevard) पर स्थित, स्पोर्ट्सप्लेक्स मूल रूप से, 28 सितम्बर, 1997 को खुला था। यह सेंटर कई प्रकार के रजिस्टर्ड और ड्रॉप-इन तैराकी, स्केटिंग, स्पोर्ट्स और फिटनेस प्रोग्रामों के साथ-साथ, रजिस्टर्ड डांस, STEM और बाल और यूथ प्रोग्राम पेश करता है।

**सैंड्रा हेम्स कर्लिंग क्लब**

5 फरवरी, 2020 को, वार्ड्स 7 और 8 की पूर्व काउंसलर, सैंड्रा हेम्स के सम्मान में, चिंग्कूज़ी कर्लिंग क्लब (Chinguacousy Curling Club) का नाम बदलकर, सैंड्रा हेम्स कर्लिंग क्लब (Sandra Hames Curling Club) रखने के लिए, सिटी काउंसिल ने मंज़ूरी दी (City Council approved) थी। यह प्रस्ताव, रीजनल काउंसलर पैट फोर्टिनी द्वारा पेश किया गया था।

सैंड्रा हेम्स ने, 1991 से 2014 तक, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल में सेवा दी थी। इस समय के दौरान, उन्होंने कई स्पोर्ट्स समुदायों को सेवा दी थी, जैसे ब्रैम्पटन सॉकर एडवाइजरी कमेटी (Brampton Soccer Advisory Committee), ब्रैम्पटन क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी (Brampton Cricket Advisory Committee), ब्रैम्पटन स्पोर्ट्स अलाइंस (Brampton Sports Alliance), ब्रैम्पटन स्पोर्ट्स हॉल ऑफ फेम (Brampton Sports Hall of Fame), चिंग्कूज़ी फिगर स्केटिंग एंड चिंग्कूज़ी क्लब (Chinguacousy Figure Skating and Chinguacousy Club)। उन्हें चिंग्कूज़ी कर्लिंग क्लब द्वारा मार्व वाइट अवॉर्ड (Marv White Award) से सम्मानित किया गया था। यह अवॉर्ड उस मेम्बर को दिया जाता है, जो क्लब और कर्लिंग की गेम, आइस पर और आइस पर न होने के समय, दोनों में इसकी बेहतरी के लिए बहुत ज्यादा योगदान देता है।

150 सेंट्रल पार्क ड्राइव (150 Central Park Drive) पर स्थित, कर्लिंग क्लब (Curling Club), मूल रूप से 1973 में खुला था। सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने 1976 में इसका संचालन संभाला था। फैसिलिटी में कर्लिंग इनडोर विंटर टैनिस सहूलियतें है। यह 30 से अधिक उपयोगकर्ता समूहों का घर है।

**जॉन स्परोविएरी पार्क**

30 सितम्बर को, गोर्वेअ ड्राइव (Goreway Drive) और हम्बरवेस्ट पार्कवेअ (Humberwest Parkway) में भविष्य के पार्क का नाम, ब्रैम्पटन दे वार्ड्स 9 और 10 के पूर्व काउंसलर जॉन स्परोविएरी (John Sprovieri) के नाम पर रखने के लिए, [सिटी काउंसिल ने मंज़ूरी दी (City Council approved)] थी। यह प्रस्ताव, रीजनल काउंसलर पैट फोर्टिनी द्वारा पेश किया गया था।

जॉन स्परोविएरी ने, 1988 से 2018 तक, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल में सेवा दी थी। इस समय के दौरान, वे अपने वार्ड्स के विकास और संभावनाओं के लिए समर्पित थे। उन्होंने वार्ड्स 8 (जो वार्ड 10 का हिस्सा हुआ करता था), 9 और 10 में, वार्ड 10 के लगभग 8,000 व्यक्तियों से लगभग 150,000 व्यक्तियों तक की वृद्धि का निरीक्षण किया। वे समुदाय और कारोबार की समझ रखने वाले काउंसलर थे, उन्होंने ब्रैम्पटन में, आज के विविध, जोशीले समुदाय में योगदान देते हुए, कासलमोर एस्टेट्स (Castlemore Estates) के आसपास एग्जीक्युटिव हाउसिंग का विचार पेश किया, ताकि पेशेवरों और कारोबारियों को ब्रैम्पटन में रहने, काम करने और खेलने के लिए प्रेरित किया जा सके। वे हमारे समुदाय में वृद्धि करने के लिए, चिंग्कूज़ी वेलनेस सेंटर (Chinguacousy Wellness Centre), ब्रैम्पटन सॉकर सेंटर और गोर मेडोज कम्युनिटी सेंटर और दो लाइब्रेरियों का पुनर्निमाण करने में भी सहायक रहे थे।

**पृष्ठभूमि**

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के, पार्कों और वेलीज से लेकर, बिल्डिंगों और स्ट्रीट्स तक, म्युनिसिपल्टी के मालिकाना हक वाली कई तरह की संपत्तियां है। कईयों का नाम, सिटी की संपंन संस्कृति और विरासत के सम्मान में रखा गया है और अन्य का नाम, कार्यक्रमों और व्यक्तियों की शानदार उपलब्धियों, विशेष सेवा या महत्वपूर्ण सामुदायिक योगदानों को सम्मान देने के लिए, यादगार मान्यता के तौर पर रखा गया है।

सिटी, आने वाले महीनों में उपरोक्त हर फैसिलिटी का नाम बदलने के लिए, बाहरी साइन बोर्डों के साथ-साथ, रोड पर लगे साइन बोर्डों, रास्ता बताने वाले बोर्डों, प्रशासकीय और प्रचार संबंधी सामग्रियों को बदलना शुरू करेगी। जनता द्वारा टिप्पणियां देने की अवधि के बारे में जानकारी सहित, सिटी की संपत्तियों का नाम रखने (Naming of City Assets) के बारे में और जानने के लिए, [यहां क्लिक करें (click here)]।

**हवाले**

"ब्रैम्पटन का संपंन इतिहास है, जो उन कई व्यक्तियों के समर्पण और योगदानों से हासिल हुआ है, जिन्होंने इसे चहल-पहल वाला और जोशीला शहर, जो आज यह है, बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मैं हमारे शहर के विकास में, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल के पूर्व मेम्बर्स की अथक प्रतिबद्धता के लिए उनका धन्यवाद करना चाहता हूं।"

– *पैट्रिक ब्राउन* (Patrick Brown), *मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"ब्रैम्पटन, ग्रेटर टोरोंटो एरिया में तीसरा सबसे बड़ा शहर है और कैनेडा में नौंवा सबसे बड़ा शहर है। हम फ्लावर टाउन के तौर पर अपनी ऐतिहासिक जड़ों से काफी ऊपर उठ गए हैं और इसमें, इन पूर्व काउंसिल मेम्बर्स की प्रगतिशील प्रतिबद्धता का बहुत बड़ा हाथ है।"

– *रोएना सैन्टोस* (Rowena Santos), *रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"मुझे खुशी है कि हम शहर को रहने, खेलने और काम करने की बेहतर जगह बनाने के लिए, ब्रैम्पटन काउंसिल के इन पूर्व मेम्बर्स के समर्पण के लिए उन्हें सम्मानित कर रहे हैं। निवासियों के लिए यह समझना जरूरी है कि कई प्रोग्राम और फैसिलिटीज, जिनका वे आज आनंद लेते हैं, पूर्व काउंसिल मेम्बर्स की लीडरशिप के परिणामस्वरूप ही हैं।"

– *शार्मेन विलियम्स* (Charmaine Williams), *सिटी काउंसलर, वार्ड्स 7 और 8; वाइस-चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सिटी के स्टाफ ने पहले से ही, इन यादगार इमारतों का नाम बदलने का काम शुरू कर दिया है। आने वाले महीनों में, हम सभी साइन बोर्डों को अपडेट कर देंगे। जब ऐसा करना सुरक्षित होगा, तो स्टाफ संबंधित स्टेकहोल्डर्स के साथ, यादगार कार्यक्रम आयोजित करेगा।"

– *डेविड बैरिक* (David Barrick), *चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca